ईश्वर को जान बंदे मालिक तेरा वही है

ईश्वर को जान बन्दे,
मालिक तेरा वही है,
करले तू याद दिल से,
हर जाम वो सही है,
ईष्वर को जान बन्दे,
मालिक तेरा वही है......

भूमि अगन पवन में,
सागर पहाड़ बन में,
उसकी सभी भुवन में,
छाया समा रही है,
ईष्वर को जान बन्दे,
मालिक तेरा वही है......

उसने तुझे बनाया,
जब खेल ये दिखाया,
तू क्यों फिरे भुलाया,
उमरा बिता रही है,
ईश्वर को जान बन्दे,
मालिक तेरा वही है......

विषयो की छोड़ आशा,
सब झुटे है तमाशा,
हैरान हु में खुद भी,
अब माया फसा रही है,
ईष्वर को जान बन्दे,
मालिक तेरा वही है......

दुनिया से दिल हटाले,
प्रभु ध्यान में लगा ले,
ब्रम्हानंद मोक्ष पा ले,
कल का पता नही है,
ईश्वर को जान बन्दे,
मालिक तेरा वही है......

ईष्वर को जान बन्दे,
मालिक तेरा वही है,
करले तू याद दिल से,
हर जाम वो सही है,
ईष्वर को जान बन्दे,
मालिक तेरा वही है.......

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/32500/title/ishwar-ko-jaan-bande-malik-tera-vahi-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |